## खबर संक्षेप



### लीकेज पाइप लाइनों में कराया जा रहा सुधार

**कटनी ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु 30 जून 2025 तक आयोजित हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डो के सार्वजनिक नलों की क्षतिग्रस्त टोटियां सहित लीकेज पाइपलाइन एवं वाल्व के सुधार का कार्य कराया जाकर जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे है। अभियान के तहत जल प्रदाय विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा एवं उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंगलवार को जल प्रदाय विभाग द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया जाकर 4 स्थलों में हो रहे पानी के लीकेज का सुधार कार्य करते हुए जल संरक्षण के प्रयास किए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम की जलप्रदाय की टीम द्वारा दुर्गा चौक के पास पाइपलाइन रिपेयरिंग सहित नई बस्ती स्थित मंगतराम हॉस्पिटल के सामने राम मेडिकल स्टोर के पास लीकेज रिपेयरिंग का कार्य कराया गया। वहीं माधवनगर ओवरहेड टैंक क्रमांक 4 के वाल्व रिपेयरिंग सहित रंगनाथ ओवरहेड टैंक के 3 इंच वाल्व रिपेयरिंग का कार्य किया जाकर जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास किए गया।

### मासांत तक ई-केवाईसी कार्य मिशन मोड पर रहेगा जारी

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि समग्र आई.डी. का आधार के साथ शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराने वार्ड एवं जोन स्तर पर अभियान चलाकर विशेष अभियान चलाया जाकर मिशन मोड पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक पत्र जारी कर राजस्व निरीक्षकों, स्वच्छता निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों, योजना लिपिक, ऑपरेटर आदि को समग्र और आधार का ई-केवाईसी करने के निर्देश दिये गए हैं। 31 मई 2025 तक मिशन मोड के रूप में जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि नगर निगम कटनी द्वारा वेंकट वार्ड कटनी, आचार्य विनोबा भावे वार्ड, नेहरू वार्ड सहित जोन कार्यालय एवं उपकार्यालय में शिविर लगाकर अभियान स्वरूप समग्र ई-केवायसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत विगत तीन दिनों में कुल 605 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य कराया जा चुका है। तथा 1 लाख 30 हजार 542 से अधिक लोगों की समग्र आई.डी के साथ आधार की ई-केवाईसी का कार्य कराया जा चुका है। निगमायुक्त श्री दुबे ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि समय सीमा में अपना समग्र और आधार का ई-केवाईसी कराए।

### बजट आंकडों में त्रुटियां होने से सम्मिलन की कार्यवाही स्थगित

**कटनी।** नगरपालिक निगम कटनी के स्थगित सम्मिलन की बैठक निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में दोप. 12:00 बजे से प्रारंभ हुई। वित्तीय वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित एवं 2025-2026 के प्रस्तावित बजट का प्रतिवेदन महापौर श्रीमती प्रीति सूरी द्वारा पढ़ा गया । सदन में स्थावर संपत्तियों की जानकारी पर चर्चा की गई जिसमें निगम की योजनाओं की भूमियों पर अवैध कब्जा के संबंध में चर्चा उपरांत जांच कर कार्यवाही कराए जाने का निर्णय लिया गया एवं वाहन विभाग में कई वाहनों की मूल्यांकन राशि शून्य की जानकारी दिये जाने पर सदस्यों द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया एवं अनुपयोगी वाहनों को नीलाम कराये जाने की बात सदन में रखी गई। बजट पर चर्चा के दौरान आंकडों में त्रुटियां होने के कारण बजट पर चर्चा नहीं हो सकी जिस कारण महापौर श्रीमती प्रीति सूरी एवं सदन के सदस्यों की सहमति से आज की बैठक दिनांक 18 जून 2025 को दोपहर 12:00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

## यातायात नियमों के पालन में लापरवाही, हादसों में बढ़ रहा मौत का ग्राफ

# हेलमेट लगाने से गुरेज, कार्यवाही और समझाइश भी हो रही बेअसर

यातायात नियमों का पालन करने से न सिर्फ आप हादसों में गंभीर चोटों से बचाव कर सकते हैं बल्कि कानूनी कार्यवाही का भी सामना नहीं करना पड़ता। आज कल खासकर युवा वर्ग दोपहिया वाहन तो फर्राटे से दौड़ाते हैं लेकिन हेलमेट का उपयोग करने से गुरेज करते हैं अक्सर सड़क दुर्घटनाओं में सिर में गंभीर चोट लगने से अप्रिय घटना भी हो जाती है। पुलिस की चालानी कार्यवाही एवं समझाइश के बाद भी लोग हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

यातायात नियमों को दरकिनार कर कानून की आंख में धूल झोंककर चालानी कार्यवाही से तो बचा जा सकता है लेकिन हेलमेट न होने पर होने वाली दुर्घटना में चोट और मौत को तो नही टाला जा सकता। वाहन चालन के दौरान हेलमेट की अनिवार्यता के बावजूद लोग इसके उपयोग से कतरा रहे है। यही वजह है कि सड़क हादसों में मौतो का ग्राफ कम होने का नाम नही ले रहा है। इस तरह लोगो को जान देना मंजूर है लेकिन हेलमेट नही।

सड़क हादसों में मौत के ग्राफ को कम करने के लिये शासन द्वारा दोपहिया वाहन सवारो के लिये हेलमेट की अनिवार्यता की गई है। हेलमेट का उपयोग किसी के दवाब में उपयोग का कार्य नही है बावजूद इसके लोग इसे नही अपना रहे है।

आमतौर पर महज 20 फीसद लोग ही हेलमेट का उपयोग करते है। ग्रामीण अंचलो



में इसका उपयोग न के बराबर है। शहर में पुलिस की चालानी कार्यवाही से बचने के लिये अनेक दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का दिखावे के लिये उपयोग तो कर रहे है लेकिन अधिकतर वाहन चालक हेलमेट उपयोग करते ही नहीं है। सड़क हादसो में खासकर सिर की चोट लगने से बचाने में हेलमेट अहम भूमिका निभाता है। वाहनों की चेकिंग और जागरूकता अभियानों में वाहन चालकों को हेलमेट की उपयोगिता की जानकारी दी जाती है लेकिन वाहन चालक इस ओर कोई ध्यान नहीं देते। सिर्फ पुलिसिया कार्यवाही से बचने के लिये जुर्माने की चिंता तो है लेकिन अपनी बेशकीमती जान की नही। युवा वर्ग तो हेयर स्टाइल की सैटिग न बिगड़ जायेगी इसलिये भी हेलमेट से गुरेज करता है जबकि हादसो पर सबसे ज्यादा सिर पर ही लगती है।



## 90 हजार रूपए कीमत के गांजा संग पकड़ा गया तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से करीब 5 किलो गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी केके पटैल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के व्दारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी. हेडक्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा था। इसी दौरान गत दिवस सउनि. विक्रम सिंह हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान लखाखेरा रेलवे स्टेशन के पास महुआ पेड़ के नीचे में एक व्यक्ति जिसका नाम जरोन पारधी पिता सिकंदर पारधी 35 साल निवासी ग्राम देवगांव थाना हाल ग्राम बरहटा हार थाना विजयराघवगढ़ के कब्जे से कुल 4.724 किलोग्राम गांजा कीमती करीबन 90,000/- रूपये जप्त किया गया। आरोपित के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। आरोपित को बुधवार को न्यायालय कटनी पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. केके पटेल, सउनि विक्रम सिंह, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्र.आर. पवनराज, प्रआर. लालजी यादव, आर. बृजलाल प्रजापति, आर. गौरीशंकर राजपूत की विशेष भूमिका रही।

## ग्राम पंचायत घुनौर में उप निर्वाचन के लिए मतदान दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर ग्राम पंचायत घुनौर में सरपंच पद के उप निर्वाचन पेपरलेस पद्धति से कराये जाने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान दल का गठन किया गया है।

### इनको बनाया गया अधिकारी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार मतदान केन्द्र क्रमांक 111 प्रा. शा. भवन घनौर का पीठासीन अधिकारी हिमांशु गौतम, उपयंत्री, नगर पालिक निगम कैमोर को, मतदान अधिकारी पी-1 डी.एस. बघेल, उपयंत्री, जनपद पंचायत बडवारा को एवं मतदान अधिकारी पी-2 शेख अफरोच, उपयंत्री, सर्व शिक्षा अभियान को बनाया गया है।

### सौंपा गया दायित्व

इसी प्रकार मतदान केन्द्र क्रमांक 112 प्रा. शा. भवन घनौर पुराना का पीठासीन अधिकारी बृजेश चौधरी, प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौली को, मतदान अधिकारी पी-1 त्रिभुवन सिंह, उपयंत्री, जनपद पंचायत कटनी को एवं मतदान अधिकारी पी-2 रोहित हल्दकार, उपयंत्री, सर्व शिक्षा अभियान को बनाया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 113 प्रा.शा.भवन नडेरा का पीठासीन अधिकारी धमेन्द्र शर्मा, सीएमओ कैमोर को, मतदान अधिकारी पी-1 रामभूषण अग्निहोत्री, एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र कटनी को एवं मतदान अधिकारी पी-2 राममनोज साहू, उच्चतर माध्यमिक शिक्षक, सीएम राइज रीठी को बनाया गया है। इसके अलावा पीठासीन अधिकारी शैलेन्द्र शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग बरही को, मतदान अधिकारी पी-1 प्रकाश नारायण द्विवेदी, प्रभारी प्राचार्य, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकटवार्ड कटनी को एवं मतदान अधिकारी पी-2 अनिल मुवेले, पटवारी, बरही को रिजर्व रखा गया है।

### 4 माह से अनुपस्थित कर्मचारी को थमाया नोटिस, जवाब न देने पर होगी कार्यवाही

**कटनी।** जिला कोषालय कटनी में पदस्थ देवेन्द्र कुमार दाहिया सहायक ग्रेड-2 को 5 फरवरी से निरंतर बिना कार्यालय प्रमुख के अनुमति एवं अवगत कराये कार्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि श्री दाहिया का यह कृत्य शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना, शासन के कार्य में रूचि न लेना, स्वेच्छाचारिता एवं घोर लापरवाही को दर्शाता है। श्री दाहिया को कार्य से विमुख रहने के संबंध में अनेक बार कारण बताओ सूचना जारी होने के उपरांत भी उनके द्वारा अद्यतन पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नही किया गया जो कि म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) एवं 7 का उल्लंघन है। श्री दाहिया को कारण बताओ सूचना पत्र की तामिली कराने हेतु संदेशवाहक को शासकीय निवास स्थान भेजा गया। श्री दाहिया सूचना प्राप्त होने के उपरांत 7 दिवस के अंदर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा श्री दाहिया की सेवा समाप्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिये संपूर्ण जवाबदारी की ही होगी।

## प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सम्पूर्ण जिले में जल संरक्षण हेतू विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के निर्देशन और विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्रामों में नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समितियां और सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं और परामर्शदाताओं के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संगोष्ठी, चौपाल, शपथ, जल संरचनाओं की साफ सफाई सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे है। गत दिवस उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाजकार्य पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने मेंहदी और पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

## परेशान युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बुधवार सुबह कटनी जबलपुर रेलखंड के निवार रेलवे स्टेशन के पास तखला फाटक में ट्रेन से कटकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक ने आत्महत्या करने से पहले एक वीडियो बनाकर माधवनगर निवासी एक व्यक्ति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम तखला निवासी अजय सिंह बघेल की ट्रेन से कटी हुई लाश सुबह तखला रेल फाटक में मिली। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर की। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।

### प्रताड़ित किये जाने के आरोप

परिजनों के मुताबिक अजय ने माधवनगर निवासी एक व्यक्ति पर रुपये के लेनदेन को लेकर परेशान किये जाने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अनिल सिंह सेंगर ने युवक की मौत के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। वीडियो में युवक ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसे माधव नगर निवासी व्यक्ति द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है, जान से मारने की धमकी दी जा रही है। वीडियो में युवक ने रुपए के लेनदेन की कुछ बात भी कही है, जिसमें उसने यह भी कहा है कि उसके द्वारा उक्त व्यक्ति को सारा पैसा लौटा दिया गया है, बावजूद इसके उसे प्रताड़ित कर रहा है। प्रताड़ना से तंग आकर अंततः उसने

## जर्जर भवनों में कक्षाओं का संचालन नहीं करने सीईओ ने दिये निर्देश

*जिला सीईओ ने सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने दिये निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में 16 जून से शालाओं में छात्र-छात्राओं के विधिवत अध्यापन कार्य प्रारंभ करने को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत के निर्देशन व मार्गदर्शन में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

सीईओ जिला पंचायत ने बैठक में 16 जून से शालाओं में बच्चों की उपस्थिति के पूर्व समय सीमा में सभी मरम्मत कार्य,शालाओं की रंगाई पुताई, नामांकन, मैपिंग, पुनः परीक्षा में शत-प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही यह सुनिश्चित करने



को कहा कि किसी भी स्थिति में जर्जर भवनों में शालाओं का संचालन न किया जाए। साथ ही 16 जून से ही अध्ययन व अध्यापन का कार्य शालाओं में सुनिश्चित किया जाए व बैठक में प्रत्येक जन शिक्षक को निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु 5 शालाओं का लक्ष्य दिया गया। उक्त के संबंध में लक्ष्य पूर्ण करने पर 5 सितंबर शिक्षक दिवस को संबंधित शिक्षक व जन शिक्षक को सम्मानित किया जावेगा। इस दौरान जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी और सहायक परियोजना समन्वयक राम भूषण अग्निहोत्री, सुबरन सिंह राजपूत,अनिल त्रिपाठी प्रीति सिंह, प्रतिभा गर्ग, सहायक यंत्री कोमल प्रसाद कोल,स्थापना प्रभारी राकेश झारिया सहित सभी बीआरसीसी बीएससी जन शिक्षक व उप यंत्री उपस्थित रहे।

## लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में सुनीं 57 ग्रामीणों की समस्याएं

# ग्रामीणों ने बताई अपनी समस्याएं, निराकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बुधवार को विकासखंड कटनी के ग्राम हीरापुर कौडिया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंच कर 57 ग्रामीणों की समस्यायें और शिकायतें सुनीं एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, सरपंच हीरापुर कौडिया सुश्री प्रणीता पटेल और जनपद पंचायत सदस्य विनीता बर्मन मौजूद रहे।

### गरीबी रेखा में नाम जुड़वायें

लोक सुनवाई कार्यक्रम के दौरान हीरापुर कौड़यिा निवासी मुलरिया बाई चौधरी, रामाधीन चौधरी एवं श्याम बाई चौधरी ने आवेदन देते हुए गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने



की मांग की। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को पात्रतानुसार नाम जोड़ने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### सड़क की मांग

हीरापुर कौड़यिा वार्ड क्रमांक 1 चकरा घाट मोहल्ला निवासी ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए बताया कि चकराघाट में सड़क निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। ग्रामवासियों ने आपसी सहमति से निरूशुल्क भूमि प्रदान करने की स्वीकृति भी दे दी है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को निश्चित समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

हीरापुर कौड़यिा निवासी हेतराम पटेल ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन देते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग की। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीईओ जनपद को समय-सीमा में पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार हीरापुर कौडिया निवासी एक अन्य आवेदक गुलाब रजक ने गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने तथा पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को समय-सीमा में पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### किसान निधि की दिलायें राशि

हीरापुर कौड़यिा निवासी सुदामा बाई पटेल ने बताया कि मुझे पीएम किसान निधि का पैसा नहीं मिल रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने भू-अभिलेख अधीक्षक को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने आईजीओटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन द्वारा आईजीओटी पोर्टल (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) पर समस्त श्रेणी के शासकीय सेवकों का बल्क रजिस्ट्रेशन कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले के सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन हेतु आईजीओटी पोर्टल पर 30 मई तक पंजीकरण कर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, राष्ट्रीय पेंशन योजना एवं योगा ब्रेक एट वर्कप्लेस कोर्स का अध्ययन कर प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है।

आईजीओटी पोर्टल भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक व्यापक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है। यह ष्मिशन कर्मयोगीष का एक अभिन्न अंग है। आईजीओटी पोर्टल का मुख्य उद्देश्य भारत में सिविल सेवकों (सरकारी कर्मचारियों) की क्षमता निर्माण करना, उनके कौशल को बढ़ाना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। इसका लक्ष्य एक ऐसे सक्षम और कुशल सिविल सेवा का निर्माण करना है जो प्रभावी ढंग से सार्वजनिक सेवाओं को वितरित कर सके और श्आत्मनिर्भर भारतश के दृष्टिकोण को साकार कर सके।

आईजीओटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए https://portal.igotkarmayogi.gov.in/public/signupलिंक पर जाकर फसर्ट नेम, सरनेम, पोजीशन, ईमेल, सेंटर या स्टेट, मंत्रालय, विभाग एवं संस्था की फील्ड को भरें। सभी फील्ड भरने के बाद साइन अप पर क्लिक करें।

## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप एवं छत्रसाल जयंती आज मनाई जाएगी

**कटनी।** महाराणा प्रताप व महाराज छत्रसाल की जयंती आज मनाई जाएगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत द्वारा बताया गया है कि गुरुवार 29 मई को 11 बजे स्थानीय साऊथ स्टेशन कटनी प्रांगण में स्थापित महाराणा प्रताप की मूर्ति का विधिवत पूजन, माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन की कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा। कार्यक्रम के दूसरे चरण में दोपहर 1 बजे से समाज के प्रबुद्ध वर्ग के दानदाताओं द्वारा जिला चिकित्सालय कटनी में पहुँच कर रक्त दान करने की योजना बनाई गयी है। शाम 5 बजे से झिंझरी चौराहे में महाराणा प्रताप और क्षत्रपाल के सम्मान में करणी सेना और उनके सहयोगियों द्वारा आयोजित विविध मंचीय कार्यक्रमों में जिले भर के स्वजातीय बंधु - बांधव और मातृ शक्तियों के शामिल होने की संभवना व्यक्त की गयी है। राजपूत क्षत्रिय समाज ने सभी स्वजातीयों से चरणवद्ध तरीके से आयोजित होने वाले समाज के कार्यक्रमों का हिस्सा बनने अपील की गयी है।

### शार्ट सर्किट से बर्तन दुकान में लगी आग

**कटनी।** नदीपार स्थित एक बर्तन दुकान में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संत रविदास चौराहे के समीप स्थित श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज शॉप में देर शाम अचानक ऐसी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। दुकान में जब आग लगी उस समय दुकान बंद थी। दुकान से तेज धुआं और आग की लपटे उठती देख आसपास भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी लगते ही तत्काल यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। यातायात थाना प्रभारी ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दी एवं दमकल वाहनों को बुलाकर समय रहते आग पर काबू पा लिया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास मौजूद अन्य दुकानें भी आग की चपेट में आ सकती थी।

### सीखो-कमाओ योजना के साथ कौशल बढ़ाएं, भविष्य संवारें

**कटनी।** सीखो-कमाओ योजना राज्य सरकार द्वारा युवाओं के कौशल विकास और उन्हें रोजगार योग्य बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है। इसे लर्न एंड अर्न कार्यक्रम के रूप में भी जाना जाता है। इस योजना के माध्यम से युवा अपनी रूचि और योग्यता के अनुसार कौशल प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ऑन-द-जॉब-ट्रेनिंग के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। योजना के तहत 18 से 29 वर्ष के मप्र के निवासी युवा, जिन्होंने 12वीं, आईटीआई या अधिक उत्तीर्ण की है, पात्र हैं। इसमें प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को 8 से 10 हजार रूपये तक का मासिक स्टाइपेंड मिलेगा।

### आमदनी एवं व्ययों के बारे में जानकारी नहीं दे पाये अधिकारी, बैठक स्थगित

# प्रस्तावित बजट पर होगा 23 लाख का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम में बुधवार को परिषद की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बजट पेश किया गया। बजट पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने आय एवं व्यय की जानकारी का ब्यौरा दिया। महापौर प्रीति सूरी ने वर्ष 2025-26 के लिए 134 करोड़ 64 लाख 20 हजार रुपए राजस्व आय तथा 127 करोड़ 62 लाख 20 हजार अनुमानित व्यय का बजट पेश किया। प्रस्तावित बजट प्रावधान के मुताबिक नगर निगम को इस साल 23 लाख 6 सौ 70 रुपए मुनाफा होगा। सदन में क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल भी मौजूद रहे।

बजट पर चर्चा के दौरान मिथलेश जैन द्वारा विभिन्न आमदनी और व्ययों के बारे में अधिकारियों से जानकारी चाही गई तो अधिकारी जानकारी देने में असमर्थ रहे। इस पर सदन की कार्यवाही एक बार स्थगित भी करनी पड़ी। बैठक फिर से प्रारंभ होने पर अधिकारियों ने स्वीकार किया कि बजट में बहुत सारी बातें छूट गई है और बहुत सारे आंकड़ों का समावेश नहीं हो पाया है। इस पर महापौर के निवेदन पर बजट बैठक को आगामी 18 तारीख तक के लिए स्थगित कर दिया गया और अपूर्ण बजट होने के कारण वह सदन से पारित नहीं हो सका।

महापौर प्रीति सूरी ने अपने बजट भाषण में कहा कि हर वर्ष एक नई उम्मीद के साथ हम सब निगम की बजट बैठक में शामिल होते हैं, और सबकी आशा भी होती है कि हम एक मजबूत लक्ष्य के साथ शहर का बजट प्रस्तुत करें, इसी को ध्यान रखते हुए सभी जनप्रतिनिधियों की भावनाओं के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नगर निगम की वित्तीय स्थिति, निगम की आय और उससे होने वाले व्यय के आधार पर सम्बंधित अधिकारियों से चर्चा उपरान्त विचार विमर्श कर यह बजट तैयार किया गया है । महापौर ने कहा कि पिछले 03 वर्षों में पूरे 45 वार्डों में जिस प्रकार से विकास कार्यों के टेंडर जारी हुए हैं, ऐसे नगर निगम कटनी के इतिहास में कभी जारी नहीं हुए हैं। इस कटनी शहर को महानगर बनाने का संकल्प लेते हुए चरणबद्ध तरीके से कार्य करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए निगम ने पिछले 03 वर्षों में ऐतिहासिक स्थान पाया है चाहे वो स्वच्छता में हो, निगम की वसूली हो, निगम की आय वृद्धि, नागरिकों की सुविधाओं के लिए सरलीकरण आदि जैसे कार्यों में नगर निगम कटनी ने इसिहास बनाया है।

महापौर ने कहा कि हमारे शहर में स्वच्छता रैंकिंग में पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर 36वां एवं प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त किया था, हमारा लक्ष्य है कि नगर निगम कटनी को राष्ट्रीय स्तर पर 20वां स्थान एवं प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त हो, ऐसी हम आशा करते हैं और आगे इसे हम नंबर वन के स्थान पर लाकर खड़ा कर सकें, इसके लिए हम सभी प्रयासरत हैं । इसका विशेष कारण हैं कि हम शहर में वर्तमान में 02 फूल माला गाडी संचालित कर रहे हैं जो नागरिकों से, सार्वजनिक मंदिरों से पूजन सामग्री एकत्रित कर उसे विधिवत कुंड में विसर्जित करते हैं, भविष्य में इससे भी खाद का उत्पादन किया जा सके, इस दिशा में भी नगर निगम कटनी अपने स्तर पर प्रयासरत है । इन कार्यों से धार्मिक भावनाओं का भी सम्मान होगा और हमारी संस्कृति भी जीवित रह सकेगी। शहर में नदियों को स्वच्छ बनाने एवं दूषित होने से बचाने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं निगम द्वारा विभिन्न योजनाओं व कार्यों के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है जिससे हमारी नदियाँ दूषित होने से बचेंगी और नागरिकों को मिलने वाले जल का शुद्धिकरण भी हो सकेगा जो हमारा नैतिक कर्तव्य भी है।

विकास की दिशा में कटनी के कटायेघाट, मोहनघाट और मसुरहा घाट में रिवर फ्रंट के माध्यम से सौन्दर्यीकरण कार्य जारी है, इससे नागरिकों को मनोरंजन के लिए नदी के पास एक स्वच्छ वातावरण प्राप्त हो सकेगा, आने वाली पीढी इसे इतिहासिक कार्यों में देखेगी ।

इसी कड़ी में नगर निगम कटनी ने पिछले वर्ष 2024-25 बजट में लगभग 4 लाख रुपये का फायदा प्राप्त किया था जो कि वर्तमान वर्ष 2025-26 में लगभग 23 लाख होगा ऐसा आंकलन किया गया है।

# सड़क किनारे खड़ी एंबुलेंस के अंदर मिली चालक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एंबुलेंस के अंदर एक व्यक्ति की लाश मिली। बताया जाता है कि कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी मैहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम झुकेही के समीप सड़क किनारे खड़ी एंबुलेंस में चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश पाए जाने से सनसनी मच गई। प्रथम दृष्टया तो मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन फिलहाल मौत के कारणों को लेकर पुलिस शव परीक्षण रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### सड़क किनारे खड़ी मिली एंबुलेंस

थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र ने कहा कि गत दिवस जबलपुर भेड़ाघाट ग्राम लमेहटा निवासी 25 वर्षीय अजय पिता राजेश चौधरी अपनी ओमनी वैन एंबुलेंस क्रमांक एमपी 20 बीए 6736 से सड़क हादसे में इलाज के दौरान मृत हुए व्यक्ति के शव को पहुंचाने मैहर जिले के मल्हान पिपरिया गया था। शव पहुंचाने के बाद वह मृतक के रिश्तेदार रीठी थाना अंतर्गत सुग़मा मेहगांव निवासी शिवेंद्र सिंह के साथ वापस लौट रहा था। कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 पर ग्राम झुकेही के समीप गत दिवस दोपहर लगभग 1 बजे सड़क किनारे एंबुलेंस खड़ी मिली। जिसके अंदर ड्राइवर एवं बगल वाली सीट के पीछे एवं मरीज को लेटने के लिए बनाई गई सीट और ड्राइवर सीट के बीच में चालक का शव पाया गया।

### मृतक के गले में गमछा

पुलिस के मुताबिक जब एंबुलेंस से शव को बरामद किया गया उस समय मृतक के गले में एक गमछा था जो कि कसा हुआ था। इसके साथ ही एंबुलेंस के अंदर अंग्रेजी शराब के पव्वा की एक खाली बोतल एवं ड्राइवर सीट के पीछे बने पॉकेट में एक शराब के पव्वा की भरी बोतल भी मिली है। प्रथम दृष्टि या तो मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

### पीएम रिपोर्ट का इंतजार

मामला और पेचीदा तब हो गया जब एंबुलेंस चालक के साथ लौट रहे मृतक के रिश्तेदार शिवेंद्र सिंह का कोई पता नहीं लगा। एंबुलेंस चालक का शव मिलने के बाद से ही कुठला पुलिस संदेह के आधार पर शिवेंद्र की तलाश कर रही है। एंबुलेंस चालक की हत्या की गई या फिर उसने आत्महत्या की या फिर उसकी मौत के पीछे कोई और कहानी है इसका खुलासा तो शव परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### निगमाध्यक्ष ने निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

# भवन निर्माण में गुणवत्ता का रखे ध्यान लापरवाही नहीं बरतने दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगरपालिक निगम कटनी सीमांतर्गत शिवाजी वार्ड बजरंग कालोनी शिव मंदिर के समीप चल रहे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें पार्षद दल के साथ किया । श्री पाठक नें सामुदायिक भवन निर्माण कार्य में नियमों, सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता नियंत्रण के मापदंडों के संबंध में संबंधितों से विस्तृत चर्चा की ।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें बताया कि,भवन मजबूत, सुरक्षित और उपयोग के लिए उपयुक्त हो, जिससे स्थानीय नागरिकों को सामुदायिक भवन के रुप में इस सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके । श्री पाठक के अनुसार निर्माण प्रक्रिया के दौरान उपयोग की जाने वाली सामग्री गुणवत्तापूर्ण हो ताकि भवन लंबे समय तक टिकाऊ रहे साथ ही निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना अतिआवश्यक है । श्री पाठक नें संबंधित नियोजक को निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री गुणवत्तापूर्ण रखनें के निंदेश दिए है साथ ही कहा है कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें ।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के फ़ाउंडेशन की गहराई, चौड़ाई और मजबूती की जानकारी लेते हुए संबंधितों से विस्तृत चर्चा की । श्री पाठक नें निर्माण प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा का ध्यान रखनें की बात कही । श्री पाठक नें स्थानीय नागरिकों से चर्चा करते हुए कहा कि, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों हेतु सर्व सुविधा युक्त सामुदायिक भवन का लाभ उन्हे शीघ्र प्राप्त होगा

निरीक्षण के दौरान एम.आई.सी सदस्य अवकाश जायसवसल पार्षद ओम प्रकाश बल्ली सोनी,,श्याम पंजवानी,विनोदलाला भुट्टू यादव,स्थानीय पार्षद श्रीमती प्रभा गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

### बेमौसम हुई बारिश से नव निर्मित तालाब में भरा पानी



जिले में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत 1358 खेत तालाब बनाए जा रहे हैं। इनके माध्यम से बारिश के पानी को सहेजने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही खेत तालाबों के बन जाने के बाद किसानों को सिंचाई के लिए आसानी से पानी मिलने लगेगा। बारिश का पानी बहने के बजाय खेत तालाब में संरक्षित होकर जमीन में जाएगा। इससे आसपास के भू-जल स्तर में भी बढ़ोतरी होगी। अभी बीते सप्ताह हुई असमय बेमौसम बारिश के दौरान विकासखंड रीठी के पहाड़ी और तलहटी वाले क्षेत्रों में स्थित नव निर्मित और निर्माणाधीन खेत तालाबों में पानी भर गया है। ग्राम पंचायत वसुधा के पंचायत सचिव जमील खान ने बताया कि इसमें ग्राम पंचायत वसुधा के ग्राम चिरहुला में सुदामा पिता निरंजन के खेत में मनरेगा योजना से 4 लाख 20 हजार रूपये की लागत से बन रहे खेत तालाब में भी पानी भर गया है। इस खेत तालाब के निर्माण में अब तक 2 लाख 42 हजार रूपये खर्च हुए हैं और 1 हजार 320 मानव दिवसों का रोजगार सृजित हुआ है।

### राहवीर योजना के तहत नकद पुरस्कार से साथ मिलेगा प्रशंसा पत्र

# सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने पर मिलेगी 25 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राहवीर योजना प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को समय पर और तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाना है। यह योजना उन नागरिकों को प्रोत्साहित करती है जो सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को अस्पताल पहुंचाते हैं।

### योजना के प्रमुख बिन्दु

राहवीर योजना का मुख्य उद्देश्य है सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को षगोल्डन आवरष (दुर्घटना के बाद का पहला महत्वपूर्ण घंटा) के भीतर अस्पताल पहुंचाना ताकि उनकी जान बचाई जा सके और गंभीर चोटों से बचा जा सके।

यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को किसी अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाता है और उसकी जान बचाने में मदद करता है, तो उसे सरकार द्वारा 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही नकद पुरस्कार के साथ-साथ, मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि मदद करने वाले व्यक्ति को पुलिस या किसी भी कानूनी कार्रवाई से परेशान नहीं किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोग बिना किसी डर या झिझक के घायलों की मदद के लिए आगे आएं। यह योजना लोगों को एक षसच्चे हमदर्दष (गुड समैरिटन) के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है और समाज में सहायता और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देती है। इस योजना का नाम श्राहवीर सिंहश नामक एक व्यक्ति की याद में रखा गया है, जिसकी सड़क दुर्घटना में समय पर मदद न मिलने के कारण मृत्यु हो गई थी।

यह योजना मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट द्वारा अनुमोदित की गई है और राज्य भर में लागू की गई। प्रदेश में यह राहगीर योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी।

### रीठी क्षेत्र के ग्राम बिरूहली में ग्राम उत्सव का हुआ आयोजन

# विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




विकासखंड रीठी के सेक्टर क्रमांक 4 की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरयारपुर द्वारा चयनित किये गए आदर्श ग्राम बिरुहली में ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में विकासखंड रीठी के समन्वयक अरविंद शाह ने ग्राम उत्सव की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात कुर्सी, चम्मच, गीत गायन, रस्साकशी व अन्त्याक्षरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों, महिलाओं व वृद्धजनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी विजेता प्रतिभागियों को सील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केसवाल ने कहा कि शासन द्वारा इस तरह के आयोजन आमजन को एकसाथ एकजुट होकर बचपन के दिनों को यादें तरोताजा करते हुए मनोरंजक खेलों के साथ जुड़कर भाग लेने के अवसरों को प्रदान करता है। यह आयोजन आमतौर पर किसी गांव में स्थानीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक जीवन को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया जाता है। यह एक ऐसा उत्सव है जिसमें गांव के लोग इकट्ठा होकर एक-दूसरे के साथ खुशियाँ मनाते हैं और सांस्कृतिक आदान-प्रदान करते हैं किया। इसमें भारत माता की आरती एवं सरस्वती वंदना और लोकगीतों का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में समाज सुधार एवं नशा मुक्ति पर कुछ गीत गाए गए और मप्र गान आओ बनाएं अपना मप्र सहित कार्यक्रम हुए।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिरुहली के सरपंच, सचिव व आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्राम के समाजसेवियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया व सहयोग प्रदान किया।

### साफ-सफाई कर किया कीटनाशक दवा का छिड़काव एवं फागिंग कार्य

# बरसात से पहले जलभराव की समस्या से निबटने की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के नागरिकों को संक्रामक बीमारियों के प्रकोप से बचाने तथा रोकथाम के लिए महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार लगातार कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कराया जा रहा है। वार्डो में किसी भी प्रकार की संक्रमित बीमारियां अपने पैर न पसार सकें इस हेतु शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में हैण्ड स्प्रे, एवं जेट मशीन आदि के द्वारा दोनो समय छिड़काव का कार्य कराया गया है।

इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप, डेंगू मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों को रोकने तथा मच्छरों के विनिष्टिकरण के लिए नगर निगम द्वारा लगातार सघन छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। शाम को फागिंग मशीनों के माध्यम से फागिंग के कार्य के अलावा सुबह के समय में बड़े पैमाने पर कीटनाशक दवाईयों का भी



गली-गली छिड़काव कराया जा रहा है जिससे नागरिकों को राहत मिल रही है। नगर निगम द्वारा लगातार शहर के सभी मलिन बस्तियों के साथ-साथ कॉलोनियों, सार्वजनिक स्थलों, आदि जगहों पर कीटनाशक दवाईयों का सघन रूप से छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सुचारू सफाई व्यवस्था सहित संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु जारी केलेंडर के अनुरूप विगत दिवस बाल गंगाधर तिलक वार्ड एवं बिरसा मुण्डा वार्ड की विभिन्न गलियों में वार्ड दरोगा की उपस्थित में फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त फारेस्टर वार्ड में दानव बाबा वंशकार बस्ती, दुर्गा मंदिर के पास, शराब दुकान के पास, बरगली गली सहित अन्य स्थलों में स्प्रेपंप के माध्यम से कीटनाश दवा का छिड़काव कार्य किया गया।

### मशीनरी संशाधनों से सफाई

वर्षा ऋतु में जप्लावन से नागरिकों को राहत प्रदान करने की दिशा में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नाला-नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई के लिए तैयार कार्य योजना के अनुरूप नियमित रूप से मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों को भी लगाकर युद्ध स्तर पर सफाई कराई जा रही है। बड़े नालों में मशीनरी संशाधनों को उतारकर वहाँ की सफाई भी तेजी से कराई जा रही है ताकि वर्षा जल की निकासी सुगमतापूर्वक हो सके।

स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर निगम शहर के बड़े नालों की सफाई कार्य वर्षा पूर्व चालू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्षा प्रारंभ होने के पूर्व बड़े नालों की सफाई कार्य को गंभीरता से किए जाने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा पूर्व में ही बैठक लेकर प्लानिंग तैयार करने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये थे, जिसके बाद नगर निगम और प्राइवेट मशीनों के माध्यम से सफाई कार्य करवाया जा रहा है। शहर के बड़े नाले वार्ड क्रमांक 15 स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास के बड़े नाले, वार्ड क्रमांक 43 बिलहरी मोड के आगे की नाली, वार्ड क्रमांक 33 स्थित रेल्वे लाईन के किनारे का नाला, दद्दा धाम के सामने, आचार्य विनोवा भावे वार्ड के बड़े नाले, डाकघर के सामने वाला नाला, वार्ड क्रमांक 21 की विभिन्न नालियों की सफाई कराई गई।

### धोखाधड़ी पर मामला दर्ज

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जुहला मोड स्थित सत्यकाम फाउंडेशन नामक कंपनी ने नौकरी दिलाने का सपना दिखाते हुए काफी लोगों से सिक्योरिटी मनी जमा करवाई, बाद में दिखावे के लिए एक दो महीने काम करवाया और फिर काम से निकलवा दिया। लोगों को सिक्योरिटी राशि भी वापस नहीं की। धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों ने शिकायत एनकेजे थाने में की है। पुलिस ने कंपनी के लोगों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है। थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि वर्ष 22/23 में जूहला मोड़ के समीप सत्यकाम फाउंडेशन नामक संस्था का कार्यालय मौजूद था। संस्था के लोगों के द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोगों से सिक्योरिटी मनी जमा कराई गई। बाद में कुछ लोगों को एक दो महीने के लिए नौकरी दिलवाई गई, उसके बाद उन्हें काम से निकाल दिया गया। बीते दिनों खिरहनी दुर्गा चौक निवासी 40 वर्षीय सत्यनारायण चौधरी पिता प्रेमलाल चौधरी ने भी उसके साथ हुई 2 लाख 82000 की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर सत्य काम कंपनी के कर्मचारी एवं अखिलेश और अजय के खिलाफ 234 धारा 2025 धारा 318 (4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। सत्यकाम फाउंडेशन नामक कंपनी मधुबनी बिहार की बताई जा रही है।

### हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं। शिक्षण सत्र 2024-25 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई की रात्रि 12 बजे तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर आवेदन भर सकेंगे।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, युवक की मौके पर ही मौत

**पन्ना** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम द्वारी से लगभग 1 किलोमीटर पहले पुलिया के पास, पन्ना से अमानगंज की तरफ आ रहे बाबू लाल पिता गुमना अहिरवार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कोठा पंचायत पहाड़ी मेमारु जिला छतरपुर बाइक सवार को अज्ञात वाहन के द्वारा कैप्टन ढाबा के पास टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। 27 मई रात 9 बजे के लगभग जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों ने डयाल 100 से अमानगंज थाना को सूचित किया। खबर मिलते ही अमानगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा कार्यवाही कर मृतक को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया। 28 मई को पोस्ट मॉर्डम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन आज

**पन्ना।** आज 29 मई 2025 को पन्ना गौरव दिवस छत्रसाल जयंती महोत्सव के पावन सुभ अवसर पर प्रदेश के यशस्वी जननायक मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव जी का पन्ना आमगमन हो रहा है। इसी तारतम्य में पन्ना को विभिन्न सौगातें मिलने वाली है जिसमें विभिन्न कार्यों के भूमि पूजन होने जा रहे है। जिसमें 10 करोड़ कही लागत से पन्ना नगर में भगवान जुगल किशोर के एतिहासिक लोक का भूमि पूजन मा. मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव तथा प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा तथा पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय जैसे विशिष्ट जनों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। पन्ना के विभिन्न क्षेत्रों में पन्ना गौरव दिवस महाराज छत्रसाल जयंती के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान व रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती सांय काल 7 बजे से छत्रसाल पार्क में होगी। डॉ0 मोहन यादव का आगमन पन्ना में 29 मई को पन्ना प्रवास पर आएंगे। इस अवसर पर महाराजा छत्रसाल जयंती, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही सम्मेलन, विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण तथा सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को दोपहर 2.20 बजे छतरपुर जिले के गौरिहार से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.40 बजे पुलिस लाइन पन्ना स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे।

### सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी को पूर्व मंत्री पन्ना विधायक ने दी बधाई

**पन्ना।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पन्ना जिले के दनवारा ग्राम के सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी को बधाई दी आप अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को दिशा दी वहीं गांव में जन्म लेने वाली बेटी के सम्मान में स्वयं से राशि प्रदान करके बेटियों के सम्मान व शिक्षा के क्षेत्र में भी भविष्य संवारने का प्रयास सराहनीय।

## राज्यमंत्री एवं सांसद ने साजली सिंचाई परियोजना का किया निरीक्षण

# साजली सिंचाई परियोजना से कृषि के साथ ही स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में आयेगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पथरिया विधानसभा क्षेत्र के केवलारी ग्राम की समीप स्थित साजली सिंचाई परियोजना का प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल एवं दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा साजली परियोजना बहुत महत्वपूर्ण योजना हैं। उन्होंने कहा पहले साजली परियोजना के अंतर्गत 10,000 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई का लक्ष्य था, जिसे अब बढ़ाकर 15,000 हेक्टेयर कर दिया गया है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा डेम का कार्य पूर्ण हो गया हैं, पाईप लाइन का काम दूसरी कंपनी को मिला हैं। योजना का नया टेंडर हुआ हैं, 2026 तक कम्पलीट होगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा परियोजना से लगभग 40 गांव लाभान्वित होंगे जबकि रहली विधानसभा क्षेत्र के 114 गांवों में पीने के पानी की सुविधा भी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा पथरिया विधानसभा क्षेत्र में लगभग चार बड़े डैम बनाए गए हैं, जिनसे किसानों के खेतों तक जल पहुंचाने की योजना है, जिससे किसानों की आय भी बढ़ेगी। इस प्रकार, साजली सिंचाई परियोजना न केवल कृषि के लिए बल्कि स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर के सुधार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा विकसित भारत विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को लेकर प्रधानमंत्री जी काम कर रहे हैं, निरंतर विकसित भारत संकल्प को लेकर केन्द्र और प्रदेश की सरकार काम रही हैं। सांसद श्री लोधी ने कहा शत-प्रतिशत पीने और सिचाई का पानी आमजनों तक पहुँचाने का काम सरकार करेगी। उन्होंने कहा मोदी जी के नेतृत्व में बुंदेलखंड का एक भी गांव नही बचेगा, निंरतर सभी बांधों की प्रगति की समीक्षा की जा रही हैं। सांसद श्री लोधी ने कहा उद्देश्य केवल प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी ने जो योजनाए आमजनों को दी है, वे शत-प्रतिशत सभी तक पहुँचे, इसी लक्ष्य को लेकर निरंतर योजनाओं की समीक्षा की जा रही हैं। ज्ञातव्य है की पथरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक और मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री लखन पटेल जी के प्रयासों से उनके 2013 से 2018 के विधायक कार्यकाल में साजली सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति 3 मई 2016 को हुई थी इस परियोजना के माध्यम से पथरिया विधानसभा क्षेत्र के लगभग 40 ग्रामों तक सिंचाई का पानी प्रेसराईज पाइपों के माध्यम से पहुंचेगा जिससे किसानों के जीवन में बदलाव आएगा और आय में भी वृद्धि होगी। मंत्री लखन पटेल स्वयं किसान है और एक किसान खेती के लिए पानी के महत्व को बड़े अच्छे तरीके से समझता है, जिसका लाभ अब पथरिया विधानसभा की जनता को मिलेगा। डेम का काम लगभग पूर्णता की ओर है, पाइपलाइन बिछने का कार्य चल रहा जो लगभग 2026 तक पूर्ण हो जाएगा। इस डेम में पानी की क्षमता लगभग 15000 हजार हेक्टेयर होगी जो पहले 10,000 हजार हेक्टेयर थी जो मंत्री जी ने बढ़वाई है। इस अवसर पर किसानों के साथ संवाद भी हुआ, उनकी बातें व समस्याएं सुनी गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# शनि जयंती पर न्याय देवता का तेल से हुआ अभिषेक



### पूजा कर मांगी ग्रहदोष मुक्ति, गौरीशंकर प्रांगण स्थित शनि देव मंदिर में हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर नगर के देवश्री गौरीशंकर मंदिर में शनिदेव जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुबह से लेकर देर तक विभिन्न आयोजन किये गए। शनि जयंती पर ब्रह्म मुहूर्त में पूजन कार्य प्रारंभ किया गया, जहां सुबह 4 बजे से शाम 7.31 मिनट तक शुभ मुहूर्त में पूजन कार्य संपन्न किया गया। इस मौके पर सर्वार्थ सिद्धि योग के लिए सुबह का योग शुभ माना गया।

### सरसों के तेल से किया अभिषेक

हाथों में काला तिल, जल और सरसों का तेल लिए सुबह से ही श्रद्धालु शनिदेव मंदिर पहुंचे जहां जल विग्रह पर अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पं सोनू मिश्रा ने बताया कि शनि जयंती भगवान शनि का जन्मोत्सव है। शनि भगवान सूर्य के पुत्र हैं और शनि ग्रह और कार्य दिवस शनिवार को नियंत्रित करते हैं। ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को शनि जयंती मनाई जाती है। पुजारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह 7 बजे मंदिर परिसर में भगवान शनि देव का महाअभिषेक किया गया। वहीं दोपहर उपरांत यजमान पंडित चंद्रभान मिश्रा व परिजनों के नेतृत्व में हवन पूजन पूर्णाहुति कर रात्रि 8:30 बजे शनि देव जी की महाआरती की गयी। आरती के बाद सभी धर्मप्रेमियों के मंदिर के संस्थापक कुंवर मानवेन्द्र सिंह हजारी के तत्वाधान में प्रसाद का वितरण किया गया।जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

### शनि पीड़ा से मांगी गई मुक्ति

हिन्दू धर्म में शनि जयंती का विशेष महत्व है। इस दिन शनिदेव मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शनि की विशेष पूजा अर्चना कर शनि पीड़ा से मुक्ति की प्रार्थना की जाती है। शनिदेव को काला या कृष्ण वर्ग का बताया जाता है इसलिए इन्हें काला रंग अधिक प्रिय है। शनिदेव काले वस्त्रों में सुशोभित हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनिदेव का जन्म ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन हुआ है। जन्म के समय से ही शनिदेव श्याम वर्ग लम्बे शरीर, बड़ी आंखो तथा लम्बे केशों वाले थे। यह न्याय के देवता हैं। जयंती के मौके पर श्रद्वालुओं ने इन्हें काले कपड़े, काली उड़द, काली तिल, लोहा, तेल आदि वस्तुओं का निमित्त दान कर शनि पीड़ा से मुक्ति की प्रार्थना की।

# नाबालिक लड़की से छेड़छाड़, बचाने दौड़े परिजनों के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

हटा। नगरीय क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि एक मुस्लिम समुदाय के युवा द्वारा हिंदू परिवार के घर में घुसकर नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर हटा पुलिस ने मामला दर्ज का आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस थाने में परिजनों के साथ आई नाबालिक ने शिकायत में आरोप लगाते हुए बताया कि मंगलवार की रात्रि अपने दो मंजिला घर में नीचे के कमरे में सो रही थी और दरवाजे खुले हुए थे परिवारजन ऊपर के कमरे में काम कर रहे थे। अचानक आरोपी ने आकर बुरी नियत से छेड़छाड़ कर दी चिल्लाने पर परिवारजन दौड़े तो आरोपी द्वारा मेरे पिता भाई व भाभी से झूम झपटी की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने पीड़ित नाबालिक के कथनों के आधार पर आरोपी अंधियारा बगीचा निवासी शाहबाज खान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 74,75, 78, 332 (c) 296, 115 (2), 391 (2) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत धारा 7, 8 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की सघनता से तलाश की जा रही है।

### उदित सोनी बने भारतीय हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष

**दमोह।** भारतीय हिन्दू महासंघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल ठाकुर की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष एल एल सोनी ने समाजसेवी धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर सम्मिलित होने वाले उदित सोनी को भारत के विशाल संगठन भारतीय हिन्दू महासंघ में जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। इस पद पर आपका कार्यकाल एक वर्ष के लिए रहेगा।

## सेना के सम्मान में जय हिन्द तिरंगा यात्रा 30 मई को

दमोह। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने समस्त जिलेवासियों से अनुरोध किया है कि भारतीय सेना के सम्मान में जिन्होनें पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों का नेस्तनाबूत कर श्रीनगर के पहलगाम में आतंकियो की कायराना हरकत का मुंहतोड़ जबाव दिया है ऐसी भारतीय सेना के सम्मान में जिले के आठो ब्लाको के समाज सेवियों संस्थाओ एवं महिलाओ के साथ तिरंगे झंडे को लेकर सेना के शौर्य का इस्तकवाल करते हुए जिला स्तरीय जय हिन्द यात्रा का आयोजन 30 मई को सांय 4 बजे किया गया है यह जय हिन्द यात्रा टण्डन बगीचा से प्रारंभ होकर बस स्टेन्ड, घंटाघर से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचेगी जहां इस यात्रा का समापन होगा। यात्रा में अधिक से अधिक व्यक्ति शामिल होकर हमारी सेना का सम्मान बढ़ाये।

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया



**हटा।** अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर बुधवार को जिला स्वास्थ्य अधिकारी व सीबीएमओ डॉ यूएस पटेल के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल हटा अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र रसीलपुर में सीएचओ डॉक्टर हर्षित दुबे एवं राष्ट्रीय किशोर स्वस्थ कार्यक्रम के किशोर किशोरी साथिया के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया एवं किशोर किशोरी को माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूक किया गया। जिसका उद्देश्य युवतियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान स्विच्छगता का ख्याल रखने के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान किशोरी बलिकाओं को माहवारी या मासिक धर्म से सम्बंधित भ्रांतियां मिटाने एवं स्वच्छता रखना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बता दें कि गांव ही नहीं, शहरों में भी रहने वाली बहुत सी महिलाएं आज के इस हाईटेक दौर में भी मासिक धर्म से जुड़ी कई जरूरी चीजों से अंजान हैं. जिसकी वजह से उनके द्वारा बरती गयी थोड़ी सी भी लापरवाही, महिलाओं को सरवाईकल, कैंसर और योनी संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकती है। कार्यक्रम में डॉक्टर हर्षित दुबे, प्रशिक्षक करण सिंह , एएनएम रीता अठया, सुपरवाइजर सरिता पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुराधा प्रजापति, कीर्ति अहिरवार, आशा कार्यकर्ता एवं किशोर किशोरी साथिया सम्मिलित रहे।

# 6424 के हुये पंजीयन, 2266 युवाओं को मिली जॉब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आज के समय में काम की कमी नहीं है, काम बहुत है परंतु काम देने वाला और काम लेने वाला दोनों का सामंजस्य हो जाये तो सारी समस्या का समाधान हो जायेगा। युवा संगम मेला इसी की कड़ी है जो इस तरीके से काम कर रही है। युवा संगम, रोजगार-स्वरोजगार तथा अप्रेटिंसशिप मेले का आयोजन दमोह में किया गया। मेले में 23 प्रमुख कंपनियों ने युवाओं को जॉब ऑफर लेटर देने का काम किया। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित युवा संगम मेले का जायजा लेते हुए व्यक्त किये। उन्होंने युवाओं से रोजगार के संबंध में चर्चा की। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा युवा संगम मेले को लेकर युवाओं में उत्साह है और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा दमोह जिले में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा थी कि हर युवा को उसकी योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार मिले उस मंशा के परिपालन में पहली बार 02 दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया और मेले को बड़ा रूप दिया गया। 27 मई को कंपनियों के साथ चर्चा की थी और इस तरह के कार्यक्रम अलग-अलग कंपनी के हिसाब से हर सप्ताह किये जायेंगे। उन्होंने कहा अब साप्ताहिक युवा संगम आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं। किसी एक पर्टिकुलर कंपनी को लेंगे और वह कंपनी बताएंगी कि उनको किस क्वालिफिकेशन के युवा चाहिए। रोजगार मेला पर्टिकुलर कंपनी के लिए आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा 29 और 30 मई को दो बड़े आयोजन हैं, जिसमे लार्सन एंड टुब्रो ग्रुप आ रहा है, 29 मई को लार्सन एंड टुब्रो ग्रुप हटा और पटेरा में 02 कॉउंसलिंग सेशंस युवाओं के साथ करेंगे। इसी प्रकार से तेंदूखेड़ा और जबेरा में 30 मई को लगभग 300 से 350 युवा भाग लेंगे।

प्लेटिनयम एच.आर सॉल्यूशन मेहसाणा गुजरात की प्लेसमेंट ऑफीसर ने बताया यहाँ की स्थिति देखे तो जितने युवा हमारे पास आ रहे है, वह सभी युवा उत्साही है, अभी तक 50 से अधिक युवाओ को जॉब लेटर प्रदान किया है, दमोह आई.टी.आई के प्राचार्य के साथ टॉयअप हुआ था और सोलर टेक्शियन के सभी बच्चों को 100 परसेंट प्लेसमेंट देते है। आई.टी.आई के प्राचार्य अभिषेक तिवारी ने बताया आज युवा संगम मेले का दूसरा दिन था और दूसरे दिन विशेष रूप से टेक जॉब्स के लिये ऑर्गनाइज़ किया था। मेले में विभिन्न कंपनियॉ जैसे प्लैटिनम एच.आर सोलूशन्स, टाटा मोटर्स, प्लेसमेंट ड्राइव कर रहा है, आई.टी.आई. और पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूशन्स के फाइनल ईयर के जो युवा हैं, वह सारे अवेयर हुए हैं और शत प्रतिशत का टारगेट प्राप्त किया हैं । मेले में प्रथम दिवस 3866 एवं द्वितीय दिवस 2558 रजिस्ट्रेशन हुये, इस प्रकार कुल 6424 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाये। प्रथम दिवस 1199 तथा द्वितीय दिवस 1067 इस प्रकार 2266 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर दिये गये।

### सिटी जाब्स ने भी युवाओं को दी नौकरी

**दमोह।** शहर में कई स्टार्टअप तेजी से विकसित हो रहे है व कई लोगो को रोजगार भी प्रदान कर रहे है। शहर में स्टार्ट अप शुरू करने वाले युवा उद्यमी सुयश जैन भारिल्ल ने बताया कि उनका स्टार्ट अप सिटी जॉब्स द्वारा भी युवा संगम मेला में सहभागिता करते हुये युवाओं को नौकरी प्रदान की। उन्होने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले में 30 से अधिक अभ्यर्थियों को नौकरी पर रखा है और आने वाले समय में 60 से 70 लोगों को नियुक्त किया जयगा । उनकी कंपनी में टीम लीडर, ट्रेनी, टेली सेल्स एक्सीक्यूटिव, कंप्यूटर आपरेटर, रेसिशनिस्ट, टेक्निकल सपोर्ट एक्जीक्यूटिव, मैनेजर आदि पदों नियुक्तियां करनी है जिनके लिये वह समय समय पर प्रशासन के द्वारा आयोजित मेलों व अन्य माध्यमों से युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करेंगे। सिटी जाब्स को शुरू हुये 2 साल हो चुके है औ दमोह में उन्हे अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

# माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन प्रशिक्षण सम्पन्न



**दमोह।** महिला बाल विकास परियोजना दमोह शहरी अंतर्गत विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन सबंधी प्रशिक्षण किशोरी बालिका और महिलाओं को दिया गया। परियोजना अधिकारी सुलेखा ठाकुर ने बताया महिलाओं एवं किशोरियों की मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूक करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा प्रशिक्षण के अंत में किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा मासिक धर्म से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनका समाधान किया गया। किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं से प्रशिक्षण उपरांत फीडबैक लिया गया। घरेलू स्तर पर माहवारी, स्वच्छता एवं प्रबंधन से सम्बंधित वेबीनार से उपस्थित महिलाओं को जोड़ा गया। प्रशिक्षण में मातृ सहयोगिनी समिति सदस्य, महिला स्व-सहायता समूह सदस्य, किशोरी बालिकाएं, महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पर्यवेक्षक मौजूद रही

# विकासखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



खाद्य प्रसंस्करण एवं विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु उद्यानिकी विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को आजीविका मिशन भवन जबेरा में किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सिंग्रामपुर मंडल अध्यक्ष मनदीप यादव, पूर्व अध्यक्ष किसान मोर्चा पहलाद सिंह यादव, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं अनेकों प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

इस दौरान उद्यानिकी विभाग की ओर से मोनिका अग्निहोत्री के द्वारा कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया जिसमें सभी किसानों से उद्यानकी विभाग की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। वही कार्यशाला में प्रहलाद सिंह यादव ने कहा प्रत्येक किसान को उद्यानिकी विभाग से मिलकर अपनी खेती को समृद्धशाली बनाना चाहिए और शासन की योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। मंडल अध्यक्ष मनदीप यादव ने भारत सरकार योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक कार्य किये जा रहे हैं जिसका लाभ प्रत्येक किसान को लेना चाहिए इसमें आगे आए और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

वही मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे ने कहा कि आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं शक्तिशाली और समृद्ध शाली बन रही है सक्रिय समूह की महिलाओं को शासन की खाद्य प्रसंस्करण की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकें उन्हें लाभ मिल सके। कार्यशाला में 30 अगस्त से शुरू हो रही विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रारंभ हो रही यात्रा के बारे में विस्तार से बताया कि जिस गांव के किसान सीधे यात्रा से जुड़ सके यात्रा में वैज्ञानिकों का दल भी रहेगा जिससे किसानों को कृषि संबंधी सभी जानकारियां एक ही स्थान पर दी जाएगी। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए आजीविका मिशन से धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण योजना पहली योजना है जिसमें 35% अनुदान मिलता है और शेष 65% ऋण रहता है जिसे बैंक से आसान किश्तो मे चुकाना पड़ता है कोई भी समूह की महिला आजीविका मिशन कार्यालय में आकर योजना का लाभ समूह के माध्यम से ले सकती है।

कार्यक्रम के दौरान आजीविका मिशन की समूह से जुड़ी महिलाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के प्रति आभार आजीविका मिशन के अजय शुक्ला के द्वारा व्यक्त किया गया।

# जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का निराकरण करायेगें: जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले की बटियागढ़ तहसील में आज जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल की अध्यक्षता में पंच सरपंच सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता/ गौरव पटेल ने कहा आज हम सभी लोग बटियागढ़ आये, यहाँ पर पंच-सरपंच सम्मेलन आयोजित किया गया। सरपंच को आसानी से लोग अपनी बात कह सकते हैं और अपनी समस्या सुना सकते हैं, सरपंच के माध्यम से समस्या हमारे पास आयी है,और जिस हद तक हो सकेगा उस हद तक हम लोग जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का निराकरण करायेगें। कलेक्टहर सुधीर कुमार कोचर ने कहा पूरे जिले में विकास खंडवार सभी सरपंचगणों के साथ कार्यशाला कर रहे हैं। पहली कार्यशाला पिछले सप्ताह पथरिया में हुई थी इस सप्ताह होने वाली कार्यशाला बटियागढ़ में है। यह कार्यशाला जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई हैं, इसमें सी.ई.ओ. जिला पंचायत, सी.ओ जनपद ,जनपद के अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य, जनपद के सदस्य और सारे पंच सरपंच इसमें उपस्थित रहते हैं और सभी सरपंच अपनी-अपनी ग्राम पंचायतो की समस्याएं बताते हैं और सुझाव देते है। बड़ी अच्छी बाते निकल करके आई है और कई बड़ी समस्याएं पता चलती है कि इस क्षेत्र में किस-किस तरह की दिक्कतें हैं और उन दिक्कतों को सुना है सभी से बात की है और जो-जो समस्याएं तुरंत हल करने जैसी है, जिसमें तुरंत कदम उठाना है वह हम लोग उठाएंगे और जिसमें थोड़ा लॉन्ग टर्म काम करने की आवश्यकता है, उसको हम अपने प्लान में सम्मिलित करेंगे। जिला पंचायत सी.ई.ओ. प्रवीण फुलपगारे ने कहा बटियागढ़ जनपद के सरपंच है उन सभी की एक कार्यशाला है।

पिछले दिनों पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल जी का भ्रमण हुआ था, उन्होनें पंच सरपंच सम्मेलन रखा था। पंच सरपंच सम्मेलन में बात आई थी कि हम जनपद वार सरपंचों से बात करें, चर्चा करें, उनकी समस्याएं सुने और अगर कोई बेहतर सुझाव मिलते हैं, जिन्हें जिले या प्रदेश स्तर पर लागू कर सकते हैं, तो जनपदवार कलेक्टर श्री कोचर के निर्देशन में गतिविधि चल रही है। और अभी हमारी तीन जनपद हो गई है। बाकी जनपदों में भी आयोजन करेगें और उसके बाद कुछ बेहतर परिणाम निकल के आते है, तो पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री जी के साथ में कलेक्टर श्री कोचर की मीटिंग होगी और मीटिंग में कुछ सरपंच भी अपने मुद्दे और प्रस्ताव रखेगें और फिर शासन स्तर पर जो निर्णय होगा।

देश में पहली बार चीते बाघ-तेंदुए के साथ आएंगे नजर, शिकार के लिए लाए जाएंगे शाकाहारी जानवर

# टाइगर रिजर्व से 22 गांव का जल्द होगा विस्थापन

## सर्वे में मुहली सिंगपुर और झापन रेंज को माना गया सबसे अनुकूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



मप्र के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) में चीतों की बसाहट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के वैज्ञानिकों और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के DIG डॉ. वीबी माथुर और टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी की टीम ने 1 से 3 मई तक किए गए निरीक्षण में मुहली, सिंहपुर और झापन रेंज को चीतों के लिए उपयुक्त पाया है। अगले एक से डेढ़ साल में चीतों को यहां लाया जा सकता है दुर्गावती टाइगर रिजर्व में वर्तमान में मांसाहारी जानवरों में टाइगर और तेंदुओं के साथ ही भेड़िया और सियार भी मौजूद हैं। ऐसे में यहां चीतों की बसाहट होगी तो यह देश का पहला ऐसा टाइगर रिजर्व होगा, जहां पर एक साथ टाइगर, तेंदुआ और चीता नजर आएंगे। यह प्रयोग भी साबित होगा कि यह तीनों जानवर एकसाथ एक जंगल में रह सकते हैं। इसके लिए 22 गांवों का विस्थापन, फेंसिंग और ग्रासलैंड मैनेजमेंट जैसी तैयारियां की जा रही हैं। चीता प्रोजेक्ट के अफसरों के निरीक्षण के बाद टाइगर रिजर्व में चीतों की बसाहट के लिए पत्राचार शुरू हो गया है। पहला पत्र जारी किया गया है, जिसमें टाइगर रिजर्व को जंगल में तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चीतों के लिए इन रेंजों में हैं लंबे मैदान

टाइगर रिजर्व की मुहली, सिंहपुर और झापन रेंज का क्षेत्रफल लगभग 600 वर्ग किलोमीटर है। यह पूरे टाइगर रिजर्व के 2339 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन रेंजों में विशाल मैदान हैं, जो चीतों को दौड़कर शिकार करने में सहायक होंगे। यह क्षेत्र चीतों के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है। यहां पर्याप्त जल स्रोत हैं और शिकार के लिए चिंकारा, चीतल, सांभर जैसे शाकाहारी जानवर भी मौजूद हैं टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने चीतों की बसाहट के लिए तैयारियां आरंभ कर दी हैं। प्राथमिकता के तौर पर जंगल में स्थित गांवों का विस्थापन किया जाएगा। साथ ही, मैदानी क्षेत्रों से खरपतवार हटाने का कार्य भी शुरू होगा। टाइगर रिजर्व के दमोह जिले में लगभग 25 किलोमीटर लंबी फेंसिंग की जाएगी। इससे वन्य जीवों और मानव बस्तियों के बीच संपर्क कम होगा, फसलों को नुकसान से बचाया जा सकेगा, और वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी

### चीतों के भोजन के लिए लाए जाएंगे शाकाहारी जानवर

टाइगर रिजर्व में चीतों की बसाहट के लिए विस्तृत तैयारियां की जा रही हैं। इन तैयारियों में चार प्रमुख कार्य शामिल हैं - विस्थापन, खरपतवार हटाना, फेंसिंग और जल स्रोतों का विकास। वर्तमान में टाइगर रिजर्व में जल संसाधनों की स्थिति अच्छी है। यहां दो बड़ी नदियां - ब्यारमा और बामनेर के साथ तीन बड़े तालाब मौजूद हैं। फिर भी एनटीसीए के निर्देश पर कुछ रेंजों में नए जल स्रोत विकसित किए जाएंगे चीतों के भोजन की व्यवस्था के लिए एक विशेष योजना बनाई गई है। इसके तहत अन्य टाइगर रिजर्व से शाकाहारी जानवरों को यहां लाया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि चीतों के आने पर उन्हें भोजन की कमी का सामना न करना पड़े

### टाइगर रिजर्व की तीन रेंजों से 22 गांवों का विस्थापन

मुहली रेंज से 6 गांव हैं। यहां 1500 लोग रहते हैं। झापन रेंज से 14 गांव, सिंहपुर रेंज से 2 गांव। अब तक 10 गांवों का विस्थापन हो चुका है। शेष गांवों के लिए प्रक्रिया जारी है। कुल मिलाकर 2500 से 3000 लोगों को विस्थापित किया जाएगा। चीता प्रोजेक्ट के कारण इस प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। सभी गांव वालों ने विस्थापन के लिए सहमति दे दी है और बजट मिलते ही कार्य पूरा किया जाएगा

### टाइगर रिजर्व में कमर्शियल वाहनों पर लगेगी रोक

टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने वन्यजीवों की सुरक्षा को देखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रिजर्व के अंदर से गुजरने वाले तारादेही-महाराजपुर मार्ग पर कमर्शियल वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाएगी यह मार्ग लगभग 22 किलोमीटर लंबा है, जहां रोजाना भारी वाहनों का आवागमन होता है वर्तमान में इस मार्ग पर भारी कमर्शियल वाहन, यात्री बसें और अन्य छोटे वाहन चलते हैं। तेज रफ्तार और अधिक संख्या में वाहनों के कारण वन्यजीवों को खतरा रहता है। कई बार दुर्घटनाओं में वन्यजीवों की मृत्यु भी हुई है। रहली और पाटन मार्ग पर भी यह प्रतिबंध लागू होगा। इन मार्गों पर केवल आपातकालीन वाहनों को अनुमति दी जाएगी

### तीनों जानवरों के शिकार अलग, इसलिए रह सकते हैं एकसाथ

वन्य जीव शास्त्रियों के अनुसार, चीता, तेंदुए और टाइगर के शिकार का तरीका और उनके टारगेट अलग-अलग होते हैं। अब रही इन तीनों जानवरों के आमने-सामने आने की बात तो चीता, हमेशा बाघ और तेंदुए से दूरी बनाए रखता है। यह ठीक उसी तरह से संभव है जिस तरह से बाघ के साथ तेंदुए भी सर्वाइव कर लेते हैं।

### चीतों के लिए कूनो से पहले नौरादेही को चुना गया था

चीतों की बसाहट की पहल शुरू होने पर भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) देहरादून ने देश में चीतों की बसाहट के लिए सबसे पहले सागर के नौरादेही अभ्यारण्य को चिन्हित किया था। 15 साल पहले वर्ष 2010 में यहां सर्वे किया गया था, जिसमें नौरादेही की मुहली, सिंहपुर और झापन रेंज को चीता की बसाहट के लिए अनुकूल माना गया था। परिस्थितियों के अनुरूप सबसे पहले चीतों की बसाहट कूनो में की गई थी लेकिन अब फिर नौरादेही अभ्यारण्य के टाइगर रिजर्व बनने के बाद यहां चीतों की बसाहट करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### बाघ, तेंदुआ और चीता किसका शिकार करते हैं

**बाघः** नीलगाय, भैंसा, हिरण प्रजाति के छोटे-बड़े जानवर

**तेंदुएः** जंगली सुअर, हिरण, नीलगाय और भैंसा के बच्चे

**चीताः** छोटे साइज के हिरण, खरगोश जैसे छोटे जानवर

### वर्ष 2023 में बना था दुर्गावती टाइगर रिजर्व

नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य को 20 सितंबर 2023 को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। इसका नाम बदलकर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिवर्ज कर दिया गया है। यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। जिसका क्षेत्रफल 2339 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है। दरअसल, नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य की स्थापना वर्ष 1975 में हुई थी। तब इसका क्षेत्रफल 1197 वर्ग किमी था। लेकिन टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद इसका क्षेत्रफल बढ़कर 2339 वर्ग किमी हो गया। इसमें 1414 वर्ग किमी कोर एरिया और 925.12 वर्ग किमी बफर एरिया शामिल है

### इनका कहना है

इस संबंध में टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी ने बताया कि डब्ल्यूआईआई देहरादून के वैज्ञानिकों ने दुर्गावती टाइगर रिजर्व का निरीक्षण किया मुहली, झापन और सिंहपुर रेंज को चीतों के लिए उपयुक्त पाया मुहली गांव का विस्थापन और अन्य तैयारियां की जाएंगी डेढ़ साल में चीते लाए जा सकते हैं

चाचा भतीजे गंभीर रूप घायल....

# दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में कपड़ा व्यवसायी की मौत



**दमोह।** रनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत रनेह-बंधा मार्ग सिद्ध बाबा के समीप बुधवार शाम दो बाइकों की भिडंत होने से बाइक सवार कपड़ा व्यवसाई सुभाष वार्ड हटा निवासी विनोद पिता जगन्नाथ असाटी उम्र 65 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तेज रफ्तार में बाइक सवार चाचा भतीजे बुरी तरह घायल हो जाने पर इलाज के लिए हटा अस्पताल से 108 से दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. जहां ड्यूटी रत डॉक्टर चंद्र कुमार द्वारा दोनों चाचा भतीजे का इलाज खबर लिखे जाने तक जारी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार चाचा बालकृष्ण उर्फ बल्लू प्रताप कमला प्रसाद उम्र 30 वर्ष और भतीजा श्रीकांत पिता चिन्नू लाल उम्र 22 वर्ष निवासी बलेह में बालकृष्ण की हालत गंभीर है, दोनों शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे. वहां घटनास्थल पर मृत हुए विनोद असाटी के शव का पंचनामा करवाई की गई। जहां से पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

# शराब माफियाओं की ग्रामीणों ने कर दी पिटाई



## वाहन छोड़ भागे माफिया रात में पुलिस ने पहुंचकर वाहन को लिया अपने कब्जे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पटेरा पुलिस थाना अंतर्गत अनेक ग्रामों में अवैध शराब बिक्री चर्चित है। इसी बात को लेकर शराब ठेकेदार के एजेंट अपने साथियों को लेकर रातों रात गांव में पहुंचकर दबिश दे रहे है। मंगल बुद्ध की दरम्यानी रात ग्राम कुड़ई में शराब के विवाद पर ग्रामवासियों ने ठेकेदार के व्यक्तियों की पिटाई कर दी। जानकारी मिलते ही पटेरा पुलिस थाना प्रभारी मय स्टाफ के पहुंची तो वाहन में रखी करीब 6 पेटी शराब सहित वाहन क्रमांक एम पी 20 टी 9053 जब्त कर पटेरा थाना ले आई। दिन हर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। पुलिस ने ओम राजपूत, सुलभ व 2 अन्य के विरुद्ध 6 पेटी अवैध शराब जब्त कर 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया है तो वहीं ओम राजपूत की रिपोर्ट पर राजा उर्फ देवांश, छोटू उर्फ बहादुर व बीरबल लोधी एवं एक अन्य के विरुद्ध 296, 351(2), 115(2) एवं अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पटेरा क्षेत्र में अधिकृत दुकान से अधिक दाम पर शराब बेचे जाने की शिकायत अनेक पीने वालो ने की है जिसके कारण अनेक ग्रामों में अन्यत्र स्थानों से शराब ला कर बेची जा रही है जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

### सकतपुर पिपरोधा में आज से श्रीमद् भागवत कथा

**दमोह।** ग्राम सकतपुर पिपरोधा में 29 मई आज से दिव्य भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है कथा का वाचन कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज करेंगे कथा के मुख्य श्रोता इमरत सिंह ने समस्त भक्तों से कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह किया है।

चंडी चौपरा गौ हत्या मामले में नया मोड़

# गाय मालिक के चचेरे भाई ने की आत्महत्या



**बनवार।** जबेरा थाना के ग्राम चौपरा चंडी में हुई गौ हत्या की घटना के बाद एक नया मोड़ आया है। गौ हत्या के मामले में पुलिस जांच कर रही थी, इसी दौरान पशुपालक के चचेरे भाई व्यक्ति बृजेश सिंह आत्महत्या कर ली। मृतक बृजेश के भाई भान सिंह ने आरोप लगाया है कि पशुपालक राजेश सिंह लोधी ने बृजेश को गौ हत्या के मामले में झूठा फंसाने की धमकी दी थी, जिससे डरकर बृजेश ने आत्महत्या कर ली। तीन दिन पूर्व चंडी चौपरा में हुई गौ हत्या के मामले की पुकिस जांच शुरू की है, लेकिन अभी तक कोई साक्ष्य नहीं मिला था और गौ हत्या का मामला आत्महत्या में फंस गया जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान का कहना है कि पुलिस ने क्राइम सीन की वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए बारीकी से जांच शुरू की है और पशुपालक के चचेरे भाई की आत्महत्या के मामले में भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गौ हत्या से जुड़े साक्ष्य और आरोपियों तक पहुंचने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## श्रुत पंचमी पर करेंगे शास्त्रों का रख रखाव



**पटेरा।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर की मासिक बैठक शाखा अध्यक्ष वीर नरेन्द्र जैन बजाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ परंपरा अनुसार महावीर वंदना से हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से आगामी 31म ई शनिवार को श्रुत पंचमी पर्व पर बड़ा मंदिर पटेरा सेठ मंदिर में एकत्रित होकर शास्त्रों का रख रखाव कर स्वाध्याय भवन की साफ-सफाई करेंगे। जून माह में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न कराने एक उप समिति का गठन किया गया जिसमें पमुख रुप से पमोद बड़कुल, महेश कुमार, राजेंद्र राही, राजेंद्र बजाज राजेश सेठ कार्यक्रम संपन्न करायेंगे।बेठक में अध्यक्ष के साथ ही महेश जैन, राजेंद्र राही, राजेंद्र बजाज,पंकज जैन, पमोद बड़कुल, राजेंद्र बंटी, राजेश सेठ, निर्मल जैन, गोकुलचंद जैन, सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।अंत में आभार गोकुलचंद जैन ने माना।

# कुण्डलपुर में रामकथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु



**पटेरा।** श्री 1008 रूंद वाले हनुमान मंदिर कुंडलपुर परिसर में चल रहे श्री मारुति महायज्ञ एवं श्री श्री 1008 राम कथा सुनने जन समूह की उपस्थिति में प्रतिदिन भारी इजाफा हो रहा है। कथा व्यास सांवरे सरकार गौ पीठाधीश्वर महंत श्री श्री पंडित विपिन बिहारी दास जी महाराज के मुख से बुंदेली भाषा में उनके चिर परिचित अंदाज में संगीतमय श्री राम कथा सुनने इतनी भीड़ पहुंच रही है कि सभी व्यवस्थाएं कम पड़ गई। श्री रूंद वाले मंदिर के महंत गजेंद्रपुरी जी महाराज के सानिध्य में कथा का विधिवत संचालन हो रहा है। कथा के पांचवें दिन अयोध्या जी में महाराजा दशरथ के यहां जन्मे चारो बालकों के नामकरण को लेकर भी पंडित जी ने रखे गए नामो का महत्व बताया। राम के नाम की महिमा का भी बखान किया।



पथरिया में आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज का समाधि दिवस धूमधाम से मनाया गया

# धन की गति तीन- दान, भोग व नाश : मुनिश्री अभयसागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



महावीर जैन धर्मशाला में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के गुरु आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज का समाधि दिवस निर्यापक संत श्री अभय सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः महावीर जैन मंदिर मे अभिषेक,शांति धारा, पूजन विधान हुआ। पूज्य आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज , निर्यापक संत अभय सागर जी महाराज की भक्ति भाव से पूजन हुई। निर्यापक अभयसागर जी महाराज द्वारा पूजन का वाचन किया गया। दिनेश जी, श्रुति जैन द्वारा निर्यापक श्री अभय सागर जी महाराज को शास्त्र दान किए गए।

इस अवसर मुनि श्री ने दान की गति तीन बतायी दान,भोग व नाश उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति उसे किसी को देता है और ही उसका स्वयं भोग करता है उसके धन की तीसरी गति होती है अर्थात उसका नाश होना है इसलिए मनुष्य को जमकर दान-पुण्य करना चाहिए और जिसके पास अधिक धन नहीं है उनको अच्छा भोग करना चाहिए। जितना धन बचे ग्रीव छात्रों की शिक्षा में लगाना चाहिए। निर्यापक मुनिश्री अभयसागर जी ने आचार्य ज्ञान सागर महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा आज का यह पर्व जीवन में धर्म रूपी शिखर पर कलशारोहण के समान है। जब मंदिर होगा तो उस पर शिखर होगा, शिखर होगा तो उस पर कलशारोहण भी आवश्यक है। जिन महान आत्माओं ने आज तक जिस रत्नात्रय रूपी धर्म को धारण किया है उनके जीवन में वह शिखर का निर्माण हुआ उन्होंने कलशारोहण किया है। आज उनका 57 वां समाधि दिवस महान पर्व है एक पर्व ऐसा है जो जो साधक रहेंगे मुक्ति ना हो जावे जब तक पाने की लालसा रहेगी ।गुरु नाम गुरु आचार्य ज्ञान सागर जी थे जो ज्ञान देखा जा रहा है उस ज्ञान को देने वाले स्रोत थे ।उनके ज्ञान की सुगंधि सारे ब्रह्मांड में सुगंधित हो रही है ।एकमात्र श्रेय आचार्य ज्ञान सागर जी को है। आचार्य ज्ञान सागर जी ने अपने जीवन को ही सुभाषित नहीं किया है उन्होंने कई रत्न दिए और कई रत्नत्रय के पुष्प दिए एक पुष्प वह था चैतन्य महाकाव्य जिसका नाम आचार्य विद्यासागर है जिनको आज भी उनके उपकार को भुलाया नहीं जा सकता ।इस अवसर पर निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर जी महाराज ने कहा आचार्य भगवंत ज्ञान सागर जी महाराज के जीवन के कुछ प्रसंग जिनसे लोग अनभिज्ञ से हैं ऐसी दो-चार बातें आपके सामने रखने का प्रयास कर रहे हैं ।आचार्य भगवन ज्ञान सागर जी के विषय में भारत शासन से कुछ विशिष्ट कार्य हो एक डाक टिकट जारी करवाने का प्रयास करवाया ।एक समस्या खड़ी हुई शासन के रिकॉर्ड अनुसार जन्मदिवस जन्मस्थान मृत्यु दिवस मृत्यु स्थान आवश्यक होता है। जन्म स्थान तो राड़ेली मिल गया 82 वर्ष उम्र में संलेखना हुई होगी ।एक पंडित जी से उनकी कुंडली एवं पांचो भाइयों की कुंडली उपलब्ध हुई तीन भाइयों की कुंडली पंडित भुरामल जी के हाथ की बनी है मेरे पास उपलब्ध है। 1897 का जन्म था 24 अगस्त 1897 समय 12 बजकर कुछ मिनट पर जन्म हुआ ।उन्होंने आचार्य वीर सागर जी के संघस्थ सभी साधुओं को पंडित भूरामल जी ब्रह्मचारी की अवस्था में अध्ययन कराया ।संघस्थ साधुओं को विद्या अध्ययन कराते थे। पांच-पांच महाकाव्य का सृजन करने वाले जयोदय महाकाव्य जैसे उत्कृष्ट साहित्य का सृजन करने वाले आचार्य भगवन पर साहित्य में पीएचडी की है ।इस अवसर पर निर्यापक श्रमण मुनिश्री अभय सागर जी महाराज ने बताया संलेखना मरण का प्रसंग है संलेखना उन जीवों की अनिवार्य आवश्यक विशेष मरण है जिस मरण को वह साधक अपने जीवन को त्याग और तपस्या के मार्ग पर समर्पित करता है। त्याग और तपस्या मय जीवन संलेखना मरण के द्वारा सार्थक होता है। मंदिर बनता है समय अपेक्षित होता है अपेक्षित समय पर ही मंदिर की पूर्णता होती है ।जितना समय मंदिर निर्माण के लिए लगता है उतना समय मृत्यु के लिए नहीं लगता। मैं आ रहा हूं कह कर भी आ सकता हूं और कहे बिना भी आ सकता हूं । साधक सावधान होकर मरण का स्वागत करता है। मरण का स्वागत करने के लिए समय लग सकता है और नहीं भी लग सकता है। स्वागत किया मरण कब होगा निश्चित नहीं स्वागत किया इसी वक्त मरण होगा आकस्मिक मरण की घटना घट सकती है। मृत्यु ही मृत्यु को दूर करने का साधन है इसमें कोई संदेह नहीं ।हम भी वही अवस्था प्राप्त करें जो अरिहंत प्रभु कर रहे हैं। यही उद्देश्य सभी साधक का रहता है। मरण के पांच प्रकार हुआ करते हैं। गुरु को हम याद करते हैं। इस अवसर पर श्रमण मुनि श्री चंदसागर जी महाराज ने संस्मरण सुनाते हुए कहा आज पावन पर्व है महोत्सव है आज तो मृत्यु महोत्सव है। जिन्होंने अपने जीवन में जिनवाणी की आराधना करते-करते मृत्यु महोत्सव मनाने का लाभ हुआ आचार्य ज्ञान सागर महाराज का समाधि दिवस है। 1968– 69 में 2 साल उनके चरण वंदन करने चरण रज लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ आचार्य ज्ञान सागर महाराज प्रवचन करते तो णमोकार मंत्र का मंगलाचरण करते थे उनके मुख से सुनते सुनते मुझे ज्ञान हुआ और मैं विद्या सरोवर में समा गया। ज्ञान सागर जी महाराज का दर्शन किया आज भी वह दृश्य हमे दिखाई देता है। उनकी कृपा से उनके आशीष से हम लोग यहां आए जिस निधि को उन्होंने प्राप्त किया है उस निधि को हमें भी प्राप्त करना है इस अवसर पर कहा कि जिनके जीवन में वैराग्य के क्षण नहीं आते उसका उपादान बहुत कमजोर है निमित्त मिलने के बाद भी वैराग्य के क्षण मिले। शब्द के माध्यम से अर्थ की गति हो अर्थ से भाव की गति होती जिस ज्ञान बोलते। योग उपादान से ही कार्य संपादित होते। शब्द कुछ नहीं करते ऐसा नहीं किंतु शब्द एकमात्र माध्यम है शब्द के माध्यम से अर्थ को गति मिलती।शोक करने की आवश्यकता नहीं जिसका मरण हुआ उसका जन्म हुआ है किंतु मरण के की उम्र थी। आकुलता ना करें साथ-साथ प्रमाद न करें निरंतर पुरुषार्थ शील थे। उन्होंने ने अपने जीवन को परिवर्तित कर लिया। इस अवसर लखमीचंद, दिनेश जी, जमना जैन, नित्यानंद जी, सतीश मेडिकल, शुभम फटटा आदि लोग उपस्थित थे।

# हटा में लव जिहाद मामलाः जाति बदलकर मुस्लिम लड़के ने इंस्टाग्राम पर की दोस्ती

## पकड़े जाने पर हुआ खुलासा, हटा पुलिस ने छेड़छाड़ का किया मामला दर्ज

**हटा।** नगर में लव जिहाद मामले में पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक समीर अली पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल मामला विगत 26 मई की रात्रि का है जहां नगर की अग्रवाल लॉज में एक मुस्लिम लड़के के साथ हिन्दू युवती को बजरंग व हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं की सूचना पर हटा थाना पुलिस द्वारा लॉज से पकड़ा गया था दोनो युवक-युवती को जब पूछताछ के लिए थाने लाया गया तो युवती ने पुलिस को सारी सच्चाई बताई कि समीर अली उससे समीर बनकर अपना धर्म और जाति छिपाकर प्रेम-जाल में फंसा कर शादी करना चाहता था। पन्ना जिला निवासी पीड़िता ने पुलिस थाने में बताया कि पिछले दिनों इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान समीर से हुई, बात आगे बढ़ी तो दोनो के बीच मोबाईल पर बातचीत होंने लगी,मोबाइल पर कई बार युवती ने युवक से उसका नाम,जाति आदि पूछी लेकिन सिर्फ समीर बताकर टाल देता और अपनी पहचान छिपाता रहा इसी बीच आरोपी ने लड़की को मिलने का दबाव बनाया और पीड़ति युवती झांसे में आकर हटा आ गई लॉज में ठहरने के लिए जब युवक ने आधार कार्ड निकाला तो सारी असलियत सामने आ गई। जहां समीर.... समीर अली खान निकला। युवती ने आरोप लगाया कि लॉज में उसने युवती के साथ छेड़छाड़ की कोशिश कर अवैध सम्बंध बनाने दवाब भी बनाया और अपना धर्म, पहचान छिपाकर युवती से निकाह करना चाहता था। घटना के संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि विगत 26 मई की रात्रि अग्रवाल लाज से हिंदू संगठनों की सूचना पर एक युवक युवती को थाने लाया गया था जहां कार्यवाही के बीच पीड़ति युवती की तबियत बिगड़ गई जिसे पुलिस ने इलाज के लिए सिविल अस्पताल हटा में भर्ती कराया,अस्पताल से छुट्टी होने के बाद मंगलवार की रात महिला जांच अधिकारी सरोज ठाकुर ने पीड़ति के बयान दर्ज कराते हुए कार्यवाही की। पुलिस ने आरोपी समीर अली निवासी शाहपुर सागर पर **BNS** की धारा 74-75 ,351 (2) और मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3 और 5 में मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना की जा रही है। पीड़ित युवती को परिजनों के सुपुर्द किया गया है।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2025/382 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — हटा,दिनांक 27.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि | आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_427033_1 28-05-2025 | गौरीशंकर वार्ड में सीताराम बंसल के मकान से नारायण पटैल के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1- 02 माह 2-2.57 लाख | 1-2000.00 2-2600.00 | 05/06/2025 | द्वितीय |
| 2 | 2025_UAD_427034_1 28-05-2025 | बड़ा बाजार शॉपिंग कॉम्पलेक्स का प्रथम तल तोड़कर पुनः निर्माण कार्य। | 1- 06 माह 2-74.91 लाख | 1-10000.00 2-57000.00 | 28/06/2025 | प्रथम |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हटा जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हटा जिला दमोह